प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- केंद्रीय बजट भारत की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा।
- केंद्रीय बजट में मध्यप्रदेश को मिली कई सौगाते, किसानों और छोटे उद्योग को होगा फायदा।
- जापानी कम्पनियों ने मध्यप्रदेश में निवेश के प्रति दिखाई गहरी रूचि, 4 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले।
- भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 क्रिकेट श्रृंखला का पांचवां और अन्तिम मैच आज शाम मुंबई में खेला जाएगा।

**प्रधानमंत्री बजट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट 2025-26, एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संसद में कल वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट भारत की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा।

श्री मोदी ने कहा कि यह बजट हर भारतीय के सपनों को पूरा करता है। उन्होंने बजट को सशक्त बनाने वाला बताया और कहा कि यह देश में बचत, निवेश, खपत और विकास को बढ़ावा देगा।

**आम बजट**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा कल लोकसभा में प्रस्तुत 2025-26 के बजट का आम तौर पर स्वागत किया गया हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार

के तीसरे कार्यकाल के इस प्रथम पूर्ण बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति सरकार की मुख्य प्राथमिकता हैं। इस बजट में इन वर्गों के अलावा मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए, बजट में 1 लाख रूपए तक प्रति माह की औसत आय पर कोई आय कर नहीं देना होगा, इससे मध्यमवर्ग परिवारों की आय व खपत में वृद्धि होगी। वेतनभोगी करदाताओं को नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपए तक कोई आयकर नहीं देना होगा। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का ऐलान किया है। इससे 1 करोड़ 70 लाख किसान लाभान्वित होंगे। यह योजना 100 निम्न उत्पादन वाले जिलों में लागू किया जाएगा। संशोधित ब्याज योजना के तहत केसीसी के माध्यम से पांच लाख तक का लोन दिया जाएगा। बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 74 से बढ़ाकर 100 प्रतिशत किया गया है। किराया पर टीडीएस 2.4 लाख रूपए से बढ़ाकर 6 लाख रूपए किया गया है। कैंसर, असाधारण रोगों और अन्य गंभीर जीर्ण रोगों के उपचार के लिए 36 जीवनरक्षक औषधियों को बुनियादी सीमा-शुल्क-बीसीडी से छूट रहेगी।

**बजट- मध्यप्रदेश**

केंद्रीय बजट से मध्यप्रदेश को कई सौगाते मिली हैं। इस बजट में किसान क्रेडिट कार्ड-केसीसी के ऋण की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने की घोषणा की है। इससे मध्यप्रदेश के 72 लाख से अधिक किसानों को फायदा होगा। इनमें 65 लाख 83 हजार किसान और करीब साढ़े सात लाख मछली पालक है। इसी तरह पीएम स्व-निधि योजना के तहत अपना बिजनेस शुरू करने वालों के लिए अब बैंक ऋण की अधिकतम सीमा 30 हजार रुपए कर दी गई है। अब तक 10 हजार रुपए तक का ऋण मिलता था। राज्य में करीब 12 लाख लोगों को इसका फायदा होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड जारी करने की बात भी कही है । केंद्र सरकार पहले साल 10 लाख कार्ड जारी करेगी। इससे मध्यप्रदेश के 49 हजार छोटे उद्योगों को फायदा मिल सकता है।

**मुख्यमंत्री - बजट**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह

कल्याणकारी, सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के साथ अंत्योदय की भावना से परिपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इससे मध्यप्रदेश की अर्थव्यस्वथा को भी गती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देशवासियों के कल्याण और भारत को आत्मनिर्भर बनाने और मध्यम वर्ग को आयकर में राहत देने वाले क्रांतिकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री का प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया हैं।

**आम बजट-प्रतिक्रिया**

आम बजट को लेकर हमें कुछ और प्रतिक्रियाए मिली हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णदत्त शर्मा ने बजट प्रस्तावो का स्वागत करते हुए कहा की।

लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बजट को जन्नोमुखी बताया हैं। उन्होने कहा हैं कि

**सीएम- जा□ान यात्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा हैं कि चार दिवसीय यात्रा के दौरान जापान की कई बड़ी कंपनियों ने यहां निवेश करने में गहरी रुचि दिखाई है। जापानी निवेशको से 4 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। कल दिल्ली में मीडिया से चर्चा करते हुए डॉ यादव ने कहा कि राज्य में जापान-मध्यप्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में जल्द जापानी इंडस्ट्रियल पार्क, कौशल विकास केंद्र और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग हब की स्थापना हो सकती है। इसके अलावा सरकार ने राज्य में जापान प्लस सेल स्थापित करने का फैसला किया है।

**क्रिकेट**

भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 क्रिकेट श्रृंखला का पांचवां और अन्तिम मैच आज शाम मुंबई में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा।

भारत पहले ही श्रृंखला 3-1 से जीत चुका है। उसने पहले दो मैच में जीत हासिल की जबकि इंग्लैंड तीसरे मैच में विजयी रहा। सूर्य कुमार यादव के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने चौथा रोमांचक मैच 15 रन से जीता था।
वहीं मलेशिया के कुआलालंपुर में आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में आज मौजूदा चैंपियन भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

**संक्षिप्त समाचार** **02.02.2024/07.10AM**

- जबलपुर हाईकोर्ट ने एमपी शूटिंग अकादमी में जूनियर खिलाड़ी की आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सीनियर खिलाड़ी दिव्यांश ठाकुर को अग्रिम जमानत दे दी है।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में कल बाल संसद का आयोजन किया गया।
- मंदसौर जिले के सीतामऊ में कल तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव का समापन हुआ।
- आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर में छतरपुर तहसील परिसर में स्थापित लोकसेवा केंद्र में 2 आधार केंद्र खोले गए हैं।
- नर्मदापुरम में बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विकासखण्डों में कल रोजगार कैम्प आयोजित किये जायेगे।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- केंद्रीय बजट भारत की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा।
- केंद्रीय बजट में मध्यप्रदेश को मिली कई सौगाते, किसानों और छोटे उद्योग को होगा फायदा।
- जापानी कम्पनियों ने मध्यप्रदेश में निवेश के प्रति दिखाई गहरी रूचि, 4 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले।
- भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 क्रिकेट श्रृंखला का पांचवां और अन्तिम मैच आज शाम मुंबई में खेला जाएगा।